THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT(DEPART-MENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : (a) to (e) The National Policy on Education, 1968 while noting that "the regional languages are already in use as. media of education at the primary and secondary stages" suggested that "urgent steps should now be taken to adopt them as media of education at the University stage". 'Medium of instruction should be mother tongue' is an accepted educational principle and the Constitution of India also accepts it. In consonance with the recommendations of the Committee of Parliament on Official Language, the Ministry of Health & Family Welfare has issued necessary instructions to the State Governments in respect of Mecidcal Education and the Ministry of Human Resource Development has issued suitable instructions to the autonomous bodies including technical institutions. In respect of Medical Education while the States of Haryana, Bihar, Madhya Pradesh, Assam, Uttar Pradesh, Rajasthan and Himachal Pradesh are reported to be considering the proposal, the States of Kerala, West Bengal, Karnataka and Tamil Nadu are reported to have regretted adoption of Hindi Medium in Higher Medical Education.

गुजरात में खेलकूद विद्यालय खोलने का प्रस्ताव

1340. **श्रीराम सिंह राठवा :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात सरकार ने राज्य में खेलकूद विद्यालय खोलने के लिए वित्तीय सहायता की मांग हेतु केन्द्रीय सरकार को कोई प्रस्ताव भेजा है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति दे दी है;

(घ) यदि हां, तो इस परियोजना के लिए कितनी धनराशि निर्धारित की गई है और वस्तुतः अब तक कितनी धनराशि दे दी गई है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (युवा कार्य और खेल विभाग) में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री मुकुल वासनिक) : (क) जी, नहीं ।

(ख) से (ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

हिमाचल प्रदेश में स्कूलों का खोला जाना/ स्तरोन्नयन किया जाना

1341. **श्री महेश्वर सिंह :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992–93 के दौरान हिमाचल प्रदेश की तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने राज्य में नए स्कूल खोलने/स्कूलों के स्तरोन्नयन करने का जो निर्णय लिया था, क्या उन स्कूलों को खोला/उनका स्तरोन्नयन किया जा चुका है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कु० शैलजा) : (क) से (ग) हिमाचल प्रदेश सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार वर्ष 1992–93

के दौरान सरकार ने 63 प्राथमिक स्कूलों को खोलने, 38 प्राथमिक स्कूलों का स्तर मिडिल स्कूल तक करने, 38 मिडिल स्कूलों का स्तर हाई स्कूल तक करने तथा 29 हाई स्कूलों का स्तर उच्चतर माध्यमिक स्कूल तक करने की अधिसूचना जारी की थी । इन स्कूलों में से केवल एक राजपूतान बडेहरा नामक उच्चतर माध्यमिक स्कूल ऊना जिले में आंशिक रूप से कार्य कर रहा है ।

इन स्कूलों को खोलने तथा स्तरोन्नत करने की योजना के अंतर्गत पंचायतों तथा स्थानीय निकायों को भवन उपलब्ध कराने अपेक्षित हैं और केवल तभी ये स्कूल कार्य कर सकने की स्थिति में होंगे ।

Non-Fulfilmcnt of Reserved Seats in Sangeet Natak Akademi

1342. SHRI VISHNU KANT SHASTRI :
SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR :

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that several posts reserved for SC/ST in Sangeet Natak Akademi have not been filled; and

(b) if so, the reasons therefor ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : (a) and (b) In the Sangeet Natak Akademi, out of the total sanctioned strength of 123 posts, 16 posts are filled by SC and two posts by ST. Seventeen posts, including two reserved for SC/ST, are lying vacant in the Akademi, mainly due to financial constraints.

पटना से दिल्ली संग्रहालय में चित्रों का लाया जाना

1343. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार सुप्रसिद्ध चित्रकार स्वर्गीय श्री उपेन्द्र महारथी के चित्रों को पटना से दिल्ली लाने तथा उन्हें यहां संग्रहालय में रखने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) प्रस्ताव विचाराधीन है ।

पाठ्य पुस्तकों का तैयार किया जाना

1344. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पाठ्य पुस्तकों का राष्ट्रीयकरण करने का विचार रखती है ताकि उन्हें केन्द्रीय निर्देशानुसार तैयार किया जा सके;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) पाठ्य पुस्तकें तैयार करने संबंधी कार्य किन-किन सरकारी अभिकरणों को सौंपा गया है और इस संबंध में पिछले तीन वर्षों के दौरान उनकी क्या-क्या उपलब्धियां रहीं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) सरकार का देश भर में स्कूल स्तर पर पाठ्य पुस्तकों के